
Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत दें
Reg. No. MH180326353

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 166 ● मुंबई, गुरुवार 13 फरवरी-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## माद‍क पदार्थो के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत हनुमानगढ़ पुलिस की तीन कार्रवाई

# 70 लाख रुपए कीमत की अवैध अंग्रेजी शराब के 845 कार्टन सहित एक आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** हनुमानगढ़ जिले में डीएसटी एवं थाना पीलीबंगा व टाउन पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाइयों में 75 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब के साथ एक आरोपी को एवं 27.10 ग्राम हेरोइन तथा महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार एक ट्रक व क्रेटा कार जब्त की है। इसके साथ पुलिस ने इन्हें हेरोइन सप्लाई करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जो हरियाणा के आदमपुर में हत्या के मामले में भी वांछित है। एसपी अरशद अली ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ, फायर आर्म्स, अवैध शराब तस्करी, जुआ सट्टा एवं अन्य अवैध धंधों की रोकथाम के लिए जिलों टॉलरेंस अभियान के तहत समस्त एसएचओ एवं डीएसटी प्रभारी को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में पहली कार्रवाई एसएचओ पीलीबंगा हरबंस लाल मय टीम द्वारा की गई। गश्त व नाकाबन्दी के दौरान मंगलवार को अमृतसर से





जामनगर भारतमाला रोड़ रोही जाखड़ांवाली पर ट्रक में अवैध शराब की तस्करी कर रहे आरोपी विजेन्द्र उर्फ विजय पुत्र धर्मा राम जाट उम्र 21 साल निवासी रामदेरिया इशरोल थाना चौहटन को गिरफ्तार किया गया। आरोपी विजेंद्र उर्फ विजय पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्राण्ड रॉयल चैलेंज, रॉयल स्टैग, मैकडोल नंबर 1 विहिस्की एवं थंडरबोल्ट बीयर पराली की आड़ में पंजाब से तस्करी कर गुजरात ले जा रहा था। पुलिस ने ट्रक से अवैध शराब व बीयर के कुल 845 कार्टन जप्त किए हैं, जिसकी बाजार में कीमत करीब 75 लाख रुपए है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल राकेश रमाणा व रिंकू कुमार की विशेष भूमिका रही। एसपी श्री अली ने बताया कि दूसरी कार्रवाई हनुमानगढ़ टाउन एसएचओ गजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में थाना पुलिस एवं डीएसटी द्वारा की गई। बुधवार को क्रेटा कार सवार



अमृता सिकलीगर पत्नी प्रीत (30) व सोनु सिंह पुत्र जगजीत सिंह सिकलीगर (30) निवासी वार्ड नम्बर 35 सिकलीगर मोहल्ला एवं साहब राम वाल्मीकि पुत्र रतिराम (34) निवासी वार्ड नम्बर 05, थाना महाजन जिला बीकानेर हाल किरायेदार हनुमानगढ जंक्शन को गिरफ्तार कर 27.10 ग्राम हेरोइन जप्त की। गिरफ्तार आरोपी सोनी सिंह के विरूद्ध पूर्व में जुआ एवं चोरी के प्रकरण एवं आरोपी साहब राम के विरूद्ध पूर्व मे बीकानेर रेंज मे करीब एक दर्जन प्रकरण दर्ज है। थाना महाजन बीकानेर मे मारपीट के प्रकरण मे वांछित चल रहा है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले हनुमानगढ टाउन के सिकलीगर मोहल्ला एवं बरकत कॉलोनी मे अवैध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस द्वारा सामूहिक दबिश देकर 21 व्यक्तियों को गिरफतार किया गया था। मुल्जिमा अमृता सिकलीगर मौके से फरार हो गई थी। जिस पर डीएसटी द्वारा लगातार निगरानी रखवाई जाकर आज उसे एवं उसके दो साथियों को चिटटा एवं गाडी सहित गिरफ्तार किया गया। मुल्जिमा के विरूद्ध एनडीपीएस के कई प्रकरण दर्ज जो साहबराम के साथ लिव इन मे रह कर काफी समय से चिटटा तस्करी का नेटवर्क संचालित कर रहे है। तीनों से पूछताछ मे सामने आया कि इनके पास से जप्त चिटटा पवन कुमार पुत्र इंद्रपाल नायक (26) निवासी मण्डी आदमपुर टिब्बा बस्ती दडोली रोड हरियाणा सप्लाई करता है। जिस पर डीएसटी द्वारा मुल्जिम पवन कुमार को दस्तायाब कर थाना हनुमानगढ जंक्शन के सुपुर्द किया गया। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी थाना आदमपुर मण्डी हरियाणा मे हत्या के प्रकरण मे वांछित चल रहा है। जिस पर थानाधिकारी पुलिस थाना आदमपुर मण्डी को सूचित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पशु-कल्याण पखवाड़ा के तहत पशु-सेवा का दिया संदेश



● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** पशुपालन विभाग सलूम्बर में जिला नोडल अधिकारी डॉ हरिकेश मीणा के निर्देशन में पशु-कल्याण पखवाड़ा मनाया गया। जिसमे अतिरिक्त निर्देशक उदयपुर कार्यालय से सत्यपाल सिंह प्रशासनिक अधिकारी द्वारा बाण मातेश्वरी प्रांगण में हवन का आयोजन कर प्राणियों मे पशु प्रवृति मिटाने एवं पशु कल्याण के पथ पर चलते हुए पशु क्रुरता मिटाने का व पशु-सेवा का संदेश दिया गया। इस दौरान रमेशचन्द्र मेहता पशुधन प्रसार अधिकारी सलूम्बर,डॉं प्रदीप गोडवाल प्रभारी पशु चिकित्सालय डगार, शशी जैतावत - सम्पादक राज नोबल्स एवं राजपालसिंह दोलपुरा, हिम्मत सिंह भीमपुरा, पण्डित - बिहारी लाल पुरोहित, पुष्कर चौबीसा, नितेश मेहता, शुरवीर सिंह, प्रवीण सिंह, लक्ष्मी मनात, रामजी टेलर, कमलेश सोनी इत्यादि उपस्थित रहे और यह जानकारी रमेशचन्द्र मेहता पशुधन प्रसार अधिकारी सलूम्बर ने दी।

### 28 फरवरी को आयोजित किए जाएंगे सहायक आचार्य-लाइब्रेरी साइंस के साक्षात्कार

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य- लाइब्रेरी साइंस (कॉलेज शिक्षा विभाग), 2023 के पदों हेतु साक्षात्कार दिनांक 28 फरवरी 2025 को आयोजित किये जायेंगे। आयोग सचिव ने बताया कि साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटोयुक्त मूल पहचान-पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाईट पर यथासमय अपलोड कर दिये जायेंगे।

### पंचायतीराज संस्थाओं के उप चुनाव के मद्देनजर मतदान से जुड़े क्षेत्रों में 5 किलोमीटर के परिधि क्षेत्र में सूखा दिवस घोषित

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रतापगढ़ द्वारा जारी आदेशानुसार, आगामी 14 फरवरी 2025 को पंचायतीराज संस्थाओं के उप चुनाव के मद्देनजर मतदान से जुड़े क्षेत्रों में 5 किलोमीटर के परिधि क्षेत्र में सूखा दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने आदेश जारी कर पंचायतीराज संस्थाओं के उप चुनाव के मद्देनजर दिनांक 12.02.2025 को सांय 05 बजे से दिनांक 14.02.2025 मतगणना समाप्ति तक निर्वाचन क्षेत्र से 5 कि.मी. के परिधिय क्षेत्र में सूखा दिवस घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत बम्बोरी (छोटी सादड़ी) में सरपंच पद, ग्राम पंचायत ईट का तालाब (छोटी सादड़ी) में वार्ड संख्या 04 (वार्ड पंच), ग्राम पंचायत सालमगढ़ (दलोट) में वार्ड संख्या 01 (वार्ड पंच) तथा ग्राम पंचायत बांसलाई (दलोट) में वार्ड संख्या 03 (वार्ड पंच) के लिए मतदान होगा।

### राजकीय भूमियों में अवैध हस्तान्तरण में संलिप्त 5 भू-अभिलेख निरीक्षक एवं 2 पटवारी निंलबित

● पदमावत मीडिया

**बांसवाड़ा।** तहसील गढ़ी में राजकीय भूमियों के अवैध हस्तान्तरण में संलिप्त जिले में कार्यरत 5 भू-अभिलेख निरीक्षक एवं 2 पटवारियों को निलंबित किया गया है। जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने बताया कि पटवारी निखिल गरासिया हाल जिला डूंगरपुर में कार्यरत होने से जिला कलक्टर डूंगरपुर द्वारा पटवारी निखिल गरासिया को निलंबित कर दिया गया है। तहसीलदार द्वारा प्रकरण में संकलप्त तत्कालीन तहसीलदार (हाल सेवानिवृत्त) एवं उक्त राजस्व कार्मिकों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों में मुकदमा दर्ज करने परिवाद पेश कर दिया गया हे। प्रकरण में संलिप्त हाल नायब तहसीलदार आनंदपुरी अनिल ताबियार तत्कालीन भू-अभिलेख निरीक्षक के निलंबन हेतु निबंधक राजस्व मंडल राजस्थान, अजमेर को कार्यवाही हेतु लिखा जा चुका है।


24 से 28 फरवरी तक किए जाएंगे साक्षात्कार आयोजित

## कृषि अनुसंधान अधिकारी एवं सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी (कृषि विभाग) भर्ती -2022

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि अनुसंधान अधिकारी (एग्रोनॉमी, एंटोमोलॉजी, प्लांट पैथोलॉजी एवं हॉर्टिकल्चर) तथा सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी (एग्रोनॉमी, एंटोमोलॉजी, प्लांट पैथोलॉजी, हॉर्टिकल्चर, बॉटनी एवं एग्रीकल्चर केमिस्ट्री) के पदों हेतु साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार 24 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटो युक्त मूल पहचान पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में समस्त प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

## विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने एकादशी पर प्रयागराज में स्नान के बाद माघ पूर्णिमा पर पुष्कर में की पूजा अर्चना



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उत्तरप्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम घाट पर माघ एकादशी पर मां गंगा की पूजा अर्चना के बाद बुधवार को माघ पूर्णिमा पर अजमेर स्थित पुष्कर सरोवर में पूजा अर्चना कर ब्रह्मा जी के दर्शन किए। उन्होंने इस अवसर पर पावन और सनातन संस्कृति के अनुरूप देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने कहा कि मानव जीवन में महाकुंभ में डुबकी लगाने का स्वर्णिम पावन अवसर 144 वर्ष बाद मिला है। स्थानीय मान्यता के अनुरूप सनातन संस्कृति में पवित्र प्रयागराज के दर्शन के पश्चात पुष्कर सरोवर में पूजा अर्चना करने को तीर्थ यात्रा की पूर्णता मानी जाती है। विधान सभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने कहा कि हमारे देश की प्राचीन संस्कृति और सनातन परम्परा समृद्ध है। ऐसी पुरातन एवं वैभवशाली सनातन संस्कृति और परम्परा दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती है। भारत में वर्षो से यह परंपरा चली आ रही है कि हर खास दिन पर लोग किसी न किसी पवित्र स्थान पर स्नान करते ही हैं। यहां तक कि दुनिया का सबसे बड़ा मेला कुंभ भी स्नान पर ही आधारित है। जहां गंगा जी में स्नान करने दुनिया भर से करोड़ों भक्त पहुंच रहे हैं। राजस्थान में स्थित पुष्कर में कार्तिक एकादशी से लेकर पूर्णिमा तक स्नान करने का विशेष महत्व है।

उन्होंने कहा है कि माघी पूर्णिमा का दिन आध्यात्मिक ऊर्जा, पुण्य और मोक्ष प्राप्ति का विशेष अवसर है। इस शुभ दिवस पर तीर्थराज पुष्कर सरोवर का पूजन व जगत पिता ब्रह्मा जी के दर्शन कर प्रदेश में निरंतर प्रगति की कामना की है। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने एकादशी पर प्रयागराज पावन स्थल पर स्थापित मंदिरों के दर्शन कर वहां मौजूद संतो का आशीर्वाद लिया था। प्रयागराज के बाद श्री देवनानी ने पुष्कर में भी पूजा अर्चना कर संतो से आशीर्वाद लिया।

## ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन प्रस्तावों पर चर्चा



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देश पर बुधवार को कलेक्ट्रेट के मिनी सभागार में जिले की ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया 20 जनवरी से प्रारंभ हो चुकी है। 18 फरवरी तक नई ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों के प्रस्ताव तैयार करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) दीपेंद्र सिंह राठौड़ ने एक-एक कर सभी उपखण्ड अधिकारियों से ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन के प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए कहा कि पुनर्गठन के दौरान निर्धारित मापदण्डों का पूर्ण पालन हो और जनभावना को भी ध्यान में रखा जाए। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन और नवसृजन के मापदण्ड तय किए गए हैं। 21 मार्च तक तैयार प्रस्तावों को प्रकाशित कर आपत्त्यिं आमंत्रित की जाएगी। बैठक में प्राप्त प्रस्तावों और परिवेदनाओं पर भी संबधित उपखण्ड अधिकारी से चर्चा की गई। इस दौरान किस पंचायत समिति में कितनी ग्राम पंचायतें टीएसपी या नॉन टीएसपी में आती हैं, ग्राम पंचायत वार जनसंख्या, स्थानीय जन भावना सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में गिर्वा एसडीएम सोनिका कुमारी, प्रशिक्षु आईएस अधिकारी माधव भारद्वाज, शुभम अशोक, मावली एसडीएम रमेश सीरवी, झाड़ोल एसडीएम कपिल कोठारी, गोगुन्दा एसडीएम नरेश सोनी, बड़गांव एसडीएम निर्मला विश्नोई सहित सभी उपखण्ड अधिकारी उपस्थित थे।

## मासिक वात्सल्य मिलन में श्रद्धा, भक्ति से किया णमोकार व भक्तामर पाठ

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** एक्टिव जैन ग्रुप के पांचवे माह के भक्तामर एवं णमोकार पाठ तथा वात्सल्य मिलन कार्यक्रम में धर्म और उत्तम मनोरजन के सुगम मिश्रण से आनंदित हुए सदस्यगण। मुख्य समन्वयक राकेश नीलू गोधा ने बताया कि इस मासिक आयोजन का सुंदर आथित्य विपिन अलका बज के निवास पर हुआ। सभी को इस आयोजन में पारिवारिक माहौल में बहुत आनंद आया। इसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे। राकेश नीलू गोधा, योगेश सुमन गोधा, मुकेश रेणु कासलीवाल, सुरेंद्र रूपल पाटनी , विपिन अलका बज, अरुण अरुणा कोड़ीवाल, सुलोचना जैन, सरिता गोधा, रवि मेघना बगड़ा, सुनील जैन संचेती, संदीप




झांझरी, पारस आशा जैन, ताराचंद मोनिका जैन, तरुण शाह, राजकुमार छाबड़ा,मनोज मधु पाटनी, विकास अनिला झांझरी शामिल हुए। सभी ने पहले णमोकार पाठ किया। फिर भक्तामर पाठ किया। भक्तामर महिमा के सुमिरन के बाद संचालक राकेश गोधा ने सभी से कहा कि घर में चाहे महिला या पुरुष एक दिन में एक बार भक्तामर का पाठ जरूर करें, और यदि नहीं कर सको तो उसकी रिकॉर्डिंग चला दो ताकि आपके कानों में भक्तामर सुनाई दे, और आपके घर में उसकी वर्गणाएं फैले। इसके बाद यह विधि मंगल आरती कीजे , पंच परमेष्टि की आरती की, सभी सदस्यों के किए गए जाप की वर्गनाएं विपिन अलका बज के घर में फैली। युवा गायिका रिया जैन गोधा ने जैन धर्म के हीरे मोती मै बिखराऊ गली गली भजन एक लाइन खुद गाकर , बाकी सबसे भी गवाया। उसके बाद बड़ी ही हंसी खुशी से नए सदस्यों ने अपना अपना परिचय दिया, खूब आनंद से योगेश राकेश गोधा ने कराओके पर गाने गाए , सरिता गोधा ने बहुत रोचकता से हाऊजी खिलाई चाय नाश्ते का सेवन किया अगला आयोजन संदीप रश्मि झांझरी के यहां मार्च माह में होगा, इस घोषणा के साथ आयोजन सम्पन्न हुआ।

# जिले में लगभग 50 फीट ऊपर हवा में होगी रोमांचक सैर सोनार माता जिप लाइन का विधायक ने किया उद्घाटन

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** सलूंबर जिले को एक नई सौगात मिली है,जिले में पहली जिप लाइन सोनार माता मंदिर परिक्षेत्र में शुरू हो गई है। लगभग 50 फीट ऊपर हवा में पर्यटक जिपिंग राइडर का आनंद ले सकेंगे. यहां सोनार माता मंदिर क्षेत्र में 610 मीटर लंबी जिपलाइन डाली गई है, जिसकी लागत 25 लाख है जो नगर परिषद सलूंबर के द्वारा निर्माण किया गया है। जमीन से लगभग 50 फीट ऊंची जिपलाइन का आनंद उठाने वाले पर्यटक को सलूंबर शहर का और बरसात के मौसम में पहाड़ पर छाई हरियाली भी देखने मिलेगी, पहली बार शुरू हुई जिपलाइन पर ट्रायल भी किया गया जो कि बहुत ही रोमांचकारी







रहा।यह जिपलाइन सोनार माता मंदिर परिक्षेत्र में एक छोर से दूसरे छोर पर डाली गई है. इस पर सवार पर्यटक ऊपर हवा में लहराते हुए दूसरे छोर पर पहुंचते हैं जो किसी रोमांच से कम नहीं है। सलूंबर जिले की विधायक शांता अमृत लाल मीणा ने जिपलाइन का उद्घाटन किया, जिस जगह पर यह जीपलाइन डाली गई है उसके सामने सलूंबर शहर का विहंगम दृश्य दिखाई देगा जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। पहाड़ के एक छोर से दूसरे छोर निकाली गई यह जिप लाइन भी पर्यटकों के लिए काफी रोमांच भरा रहेगा साथ बच्चों के लिए एडवेंचर का भी निर्माण किया गया है जिसका विधायक ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक शांता अमृत लाल मीणा, राजेश यादव पुलिस अधीक्षक, प्रद्युम्न कौड़िया सभापति नगर परिषद, अब्दुल रऊफ खान उप सभापति, कैलाश गांधी, प्रभुलाल जैन, सेडू राम यादव संभागीय मुख्य वन संरक्षक, मुकेश सैनी उप वन संरक्षक, महेन्द्र सिंह चुंडावत सहायक वन संरक्षक, दिलीप सिंह चौहान क्षेत्रीय वन अधिकारी सलूंबर, वेद प्रकाश टीएडी विभाग, डॉ जितेन्द्र जोशी आयुर्वेद विभाग सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लेपर्ड साइटिंग, जवाई बांध का सौंदर्य और ग्रेनाइट के पहाड़ों का एडवेंचर






● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** वन विभाग द्वारा 30 उदयपुर वासियों का समूह रविवार अलसुबह रणकपुर धाम होते हुए जवाई लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व पहुंचा। उप वन संरक्षक श्री सुनील कुमार सिंह ने बताया इको डेस्टिनेशन टूर के चलते रविवार को उदयपुर शहर के 30 लोगों ने भाग लिया, सुबह 7ः30 बजे निकले ये घुमक्कड़ों को पहले तो रणकपुर जैन मंदिर के अलौकिक दर्शन करवाए गए, तत्पश्चात मुछाला महावीर मंदिर में भोजन के बाद दल पाली जिला स्थित जवाई बांध, जवाई लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व पहुंचा। चाय नाश्ते के बाद दल को ग्रेनाइट के पहाड़ों पर एडवेंचर राइड करवाई गई जो कि रौंगटे खड़े करवाने वाली थी। बड़े बड़े पहाड़ों पर जिप्सी में बैठे उदयपुर वासी एक तरफ तो चिल्ला चिल्ला एडवेंचर राइड के मजे ले रहे थे वहीं दूसरी और मन में घबराहट भी थी। घबराहट और मौज के मध्य उन्हें जवाई बांध के कम पानी वाले हिस्सों की सैर करवाई गई जहां 5 बड़े एवं छोटे मगरमच्छों के साथ साथ प्रवासी पक्षी बार हेडेड घुस, ओसप्रे, कॉमन क्रेन व स्थाई पक्षी जैसे स्मॉल प्रेटीनकॉल, लिटिल कोरमोरेंट एवं पेंटेड स्टार्क जैसे पक्षियों की जानकारी दी गई। एडवेंचर के मध्य ठंडी बयार के साथ कुलड़ में भरी गर्म चाय का आनंद लेते लेते ट्रैकर्स द्वारा लेपर्ड के दिखने की पुष्टि के साथ ही दल ब्लैक हिल नामक पहाड़ी की और चल पड़ा। ब्लैक हिल पे पहले से पहुंचे अन्य घुमक्कड़ों को फोटोग्राफी करते और दूरबीन से लेपर्ड को देख इशारे करते देख यह तो पक्का हो गया कि लेपर्ड नजर आ रहा हैं। बस फिर क्या 5 गाड़ियों में भरे 30 उदयपुर वासी भी लेपर्ड को देखने के लिए अपनी आंखों को चौड़ा कर बैठे, पर ग्रेनाइट की चट्टानों और लेपर्ड के उसमें खुले में बैठने के बावजूद लेपर्ड किसी को नजर नहीं आया, भाई कुदरत ने उसे ऐसा छुपने योग्य जो बनाया हैं, परन्तु एक एक करके सभी शहर वासियों को आखिरकार लेपर्ड दिख ही गया। कमाल तो ट्रेकरों का हैं जो वहां हर समय उन पर नजर रखे हुए होते हैं। लेपर्ड की सुरक्षा भी इसे ट्रेकरों के चलते सुनिश्चित की जा सकती हैं। ट्रैकर्स और जिप्सी ड्राइवर्स को धन्यवाद देने के पश्चात दल उदयपुर लौट आया। उप वन संरक्षक श्री सुनील ने बताया अगला इको डेस्टिनेशन टूर 16 तारीख को सीतामाता वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी का रखा गया हैं जिसकी बुकिंग आप विभाग द्वारा मनोनीत नंबर 7568348678 पर संपर्क कर करवा सकते हैं। सीतामाता वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी का मुख्य आकर्षण सीता माता मंदिर, बरघू बावड़ी एवं वाल्मीकि आश्रम के साथ साथ कई प्रकार की फॉरेस्ट बर्ड्स एवं स्तनधारी जंतु भी हैं।

**मददगार बना राजकॉप सिटीजन एपः एक क्लिक पर युवती को मिली मदद**

# युवती से दोस्ती का दबाव बना रहा युवक हुआ गिरफ्तार, सुबह त्रिवेणी बत्ती की घटना

● पदमावत मीडिया




**जयपुर।** राजस्थान पुलिस द्वारा महिलाओं की मदद के लिए राजकॉप ऐप पर डवलप किए गए नए फीचर नीड हेल्प की मदद से झुंझुनू की रहने वाली एक युवती को ना केवल तत्काल पुलिस की मदद मिली अपितु पुलिस ने छेड़छाड़ और दोस्ती का दबाव बना रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आईजी एससीआरबी श्री शरत कविराज ने बताया कि बुधवार सुबह राजकॉप एप में करीब 6ः26 बजे एक सन्देश आया। झुंझुनूं निवासी एक युवती जो जयपुर में एक हॉस्टल में रहकर फर्स्ट ग्रेड टीचर की कोचिंग कर रही थी, के इस सन्देश के अनुसार त्रिवेणी बत्ती के सामने उसके साथ एक लड़का छेड़छाड़ और गाली गलौज कर उसका मोबाइल छीन रहा था। संदेश पर बिना समय गवाएं राजकॉप एप रूम में कार्यरत प्रभारी एएसआई सुनीता शर्मा द्वारा अभय कमांड सेंटर को सूचना दी। इसके आधार पर महेश नगर थाना पुलिस की 112 गाड़ी तुरंत गोपालपुरा बायपास रिद्धि सिद्धि चौराहा पर पहुंची और आरोपी पवन तंवर पुत्र रतन सिंह (24) निवासी गांव गांवली थाना पाटन जिला सीकर को दस्तयाब कर थाने पर लाये। युवती से समझाइश कर रिपोर्ट ले मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पीड़ित युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी पवन उसका क्लासमेट रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दोनों ही जयपुर में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। काफी समय से पवन उसे मैसेज और कॉल कर परेशान कर रहा था तो उसने ब्लॉक कर दिया। आज सुबह वह कोचिंग के लिए जा रही थी तो आरोपी ने उसे रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ कर ब्लॉक करने पर गाली गलौज की। जब उसने मोबाइल से राजकॉप ऐप पर संदेश भेजा तो गुस्से में आकर उसने मोबाइल भी तोड़ दिया। चूंकि एप से मैसेज भेजा जा चुका था सो मोबाइल तोड़ दिए जाने के बावजूद पुलिस को लोकेशन ट्रेस करने में परेशानी न हुई। युवती ने यह भी बताया कि राजकॉप सिटीजन एप के बारे में जानकारी उसे पुलिस की कालिका टीम द्वारा कोचिंग सेंटर पर चलाए गए जागरूकता अभियान के दौरान प्राप्त हुई थी।

### ऐसा है राजकॉप सिटीजन एप

आईजी एससीआरबी श्री शरत कविराज ने बताया कि राजकॉप सिटीज़न एप, राजस्थान पुलिस की एक ऐप है। इस ऐप से नागरिक सरकारी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस ऐप में कई फ़ीचर हैं, जैसे कि शिकायत दर्ज कराना, किराएदार का सत्यापन कराना, अपनी पंजीकृत शिकायतों का ट्रैक करना, महिला सुरक्षा से जुड़ी सुविधा, एसओएस पैनिक बटन आदि। राजकॉप सिटीज़न ऐप में महिला सुरक्षा सेक्शन में मदद चाहिए टैब है, इस टैब पर क्लिक करके महिलाएं तुरंत पुलिस की मदद पा सकती हैं।

# आशान्वित ब्लॉक पीपलखूंट में समीक्षात्मक बैठक आयोजित



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा आशान्वित ब्लॉक प्रोग्राम के तहत पीपलखूंट ब्लॉक में समीक्षा बैठक पंचायत समिति सभागार, पीपलखूंट में जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न संकेतकों पर ब्लॉक की प्रगति की समीक्षा की गई एवं ब्लॉक में थीम आधारित मॉडल पंचायतों को विकसित करने के संबंध में संबंधित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में रोहनिया को सौर ऊर्जा पंचायत, पीपलखूंट को डिजिटल पंचायत, नायन को बाल हितैषी पंचायत, घंटाली को महिला हितैषी पंचायत, जेथलिया को स्वच्छ एवं हरित पंचायत, तथा मोरवानिया को जल युक्त पंचायत के रूप में विकसित करने पर बात हुई । समीक्षा के दौरान जिला कलक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकित बच्चों को नियमानुसार विहित समय पर पोषाहार वितरण करने तथा उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने बाल विवाह की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए उपखंड अधिकारी पीपलखूंट को शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वय से मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही मिशन बाबुल की बिटियां के तहत सर्वे कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए। बैठक में एबी फेलो दीपशिखा, मुख्य आयोजना अधिकारी एवं ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्लॉक स्तरीय अटल जन सेवा शिविर आज

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि फरवरी माह के द्वितीय गुरुवार 13 फरवरी ब्लॉक स्तरीय (पंचायत स्तर) पर उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में प्रातः 10 बजे से शाम 4ः30 बजे तक अटल जनसेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक स्तरीय आयोजित होने वाले अटल जन सेवा शिविर के लिए उपखण्ड अधिकारी नोडल अधिकारी एवं सह नोडल अधिकारी तहसीलदार होंगे। द्वितीय गुरुवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई सलूंबर, सराडा, सेमारी, लसाडिया एवं शुक्रवार 14 फरवरी को जयसमंद झल्लारा में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने शिविरों में परिवादियों के बैठने, हवा, पानी, बिजली की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं तथा शिविर में प्राप्त परिवादो की प्राथी को प्राप्ति रसीद दी जाए तथा सभी परिवादो को शिविर के दिन ही संपर्क पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब हैं कि जिला कलेक्टर अवधेश मीना सलूंबर ब्लॉक से वीसी से जुड़ेंगे।उक्त शिविरों में उपखण्ड अधिकारी,तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 20 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 3 दिसम्बर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी। जिला रसद अधिकारी कपिल झाझडिया ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री के निर्देशानुसार 20 अपात्र परिवारों को चिन्हित कर नोटिस जारी किये गये है। निर्धारित समयावधि मे जवाब प्रस्तुत न करने पर एवं खाद्य सूरक्षा से नाम नही हटवाने पर विभागीय निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। जिले में 12 फरवरी तक कुल 712 परिवारों के 2848 व्यक्तियों द्वारा इस अभियान से जुडकर अपना नाम खाद्य सुरक्षा की पात्रता सूची से हटवाया है। पूर्व में उक्त अभियान की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित थी परन्तु वर्तमान में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा उक्त अवधि को 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाया जाकर अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाये जाने हेतु अवसर प्रदान किया गया है।

## नगर परिक्रमा एवं शोभा यात्रा के साथ किया माघ पूजन

# समारोह में रही सबकी भागीदारी, छात्र-छात्राओं ने किया सहयोग

● पदमावत मीडिया



**भीनमाल।** राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर, महाकवि माघ विकास संस्थान, अम्बिका शिक्षा समिति, विप्र फाउण्डेशन, स्थानीय प्रशासन, नगरपालिका मण्डल के संयुक्त तत्वावधान व नगरवासियों के सहयोग से आयोजित महा कवि माघ जयन्ती पर बुधवार को कई कार्यक्रम आयोजित किये गये । मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बुधवार को सुबह विश्वकल्याणार्थ मेधावृधि महायज्ञ का आयोजन किया गया । स्थानीय माघ चौक पर नगर परिक्रमा व भव्य शोभायात्रा के तहत नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है । जिसमें महा कवि माघ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया । माघ पूजन के समय कार्यवाहक उप खंड अधिकारी नीरजकुमारी, जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावत, प्रेमाराम बंजारा, जयरूपाराम माली, माणकमल भंडारी, डॉ घनश्याम व्यास, दिनेश दवे नवीन, जबराराम भाटी, जब्बार खां कादरी, मुकेश सोलंकी सहित कई लोगों ने भी भाग लिया । माघ महापूजन के पश्चात माघ की प्रासंगिकता पर संगोष्ठी में कुमारी आरजू सेठ द्वारा महा कवि माघ के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया । वरिष्ठ नागरिकों के अभिनंदन समारोह में कई लोगों का सम्मान किया गया । सूर्य नमस्कार भारत स्वाभिमान के कार्यक्रम में योग शिक्षक जेठाराम आचार्य द्वारा सूर्य नमस्कार कराया गया । पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम व श्रमदान के तहत भी नगरवासियों ने भाग लिया । महा कवि माघ जयन्ती पर विशेष आयोजन के तहत मंगलवार को शाम को श्रीमाल पूजन के तहत भव्य आरती का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया । इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता के लिए माणकमल भंडारी, बी के गीता गीता बहन तथा हेमलता जैन ने निर्णायक की भूमिका अदा की । कार्यक्रम के दौरान मीठालाल जांगिड, अशोक धारीवाल, डॉ अक्षय बोहरा, कन्हैयालाल खण्डेलवाल, संदीप देसाई, नारायण जांगिड, घेवरचंद राजपुरोहित, श्याम खेतावत, प्रवीण शास्त्री, गोपालचन्द, डॉ. किशोरकुमार माली, दिनेश वत्सल, दिनेश जालोरी सहित कई लोगों ने भी भाग लिया ।

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना की समीक्षा बैठक आयोजित**

# पीएमएफएमई में खाद्य प्रसंस्करण यूनिट पर 35 प्रतिशत की सब्सिडी, अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित करेंः कलेक्टर

● पदमावत मीडिया



**राजसमंद।** भारत सरकार प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण यूनिट लगाने पर 35 प्रतिशत सब्सिडी (अधिकतम 10 लाख) दे रही है। कोई भी व्यक्ति, किसान, एफपीओ, एनजीओ, एसएचजी, कंपनी आदि इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने पीएमएफएमई के सफल क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न हितधारकों के साथ बैठक ली। बैठक में एलडीएम, बैठक में जिला कलक्टर ने पीएमएफएमई के तहत बैंकों के पास प्राप्त आवेदन और लोन स्वीकृति की समीक्षा की। उन्होंने पुराने आवेदन लंबित होने पर बैंकों से कहा कि समस्त लंबित आवेदन शीघ्र से शीघ्र निस्तारित करें जिससे किसान समुचित ढंग से लाभान्वित हो सकें। कलक्टर ने कहा कि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, जिला उद्योग केंद्र, राजीविका मिलकर लोगों को प्रसंस्करण यूनिट लगाने के लिए प्रेरित करें ताकि भारत सरकार की यह कल्याणकारी योजना सफल हो सके। जिला कलक्टर असावा ने कहा कि जिले में होने वाले स्थानीय उपज को देखते हुए उसके अनुसार प्रसंस्करण के लिए लोगों को तैयार कर सकते हैं। उन्होंने अपनी ओर से टमाटर कैचअप, स्ट्रॉबेरी जूस, एलोवेरा जूस, पॉप कॉर्न, आंवला प्रोसेसिंग यूनिट, डिहाइड्रेशन यूनिट सहित अन्य प्रॉडक्ट्स पर विचार करने का सुझाव दिया। कलक्टर ने राजीविका को निर्देश दिए कि एसएचजी महिला उद्यमियों को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में व्यवसाय करने हेतु तैयार करें और उन्हें इस योजना के माध्यम से आर्थिक सहयोग दिलवाएं। कलक्टर ने बैंकवार समीक्षा करते हुए सभी बैंकों के प्रतिनिधियों से कहा कि पीएमएफएमई में प्राप्त आवेदनों को समय पर स्वीकृत करें और बिना ठोस कारण पेंडिंग नहीं रखें। कलक्टर ने लंबित आवेदनों पर एक सप्ताह में कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारण के आदेश प्रदान किए। नवीन आवेदन हेतु विभागवार एवं जिला रिसोर्स पर्सन के अनुसार लक्ष्य प्रदान कर फरवरी माह के अंत तक प्रगति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु मक्का, आंवला, सीताफल, स्ट्रॉबेरी आदि के प्रसंस्करण एवं महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने व अंतर विभागीय समन्वय पर बल दिया साथ ही योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देश प्रदान किए। बैठक में लीड बैंक प्रबंधक, मुख्य प्रबंधक, संयुक्त निदेशक कृषि, उपनिदेशक सामाजिक न्याय अधिकारिता, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, उपनिदेशक उद्यानिकी, उप रजिस्ट्रार सहकारिता, राजीविका, जिले के बैंकर्स, योजना के जिला रिसोर्स पर्सन आदि सम्मिलित हुए। राजसमंद कृषि मण्डी सचिव मोहित रावल ने बैठक में सभी को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना की विस्तृत जानकारी दी।

### इस तरह के प्लांट लगा सकते हैं इच्छुक व्यक्ति

योजना के तहत अचार निर्माण, पापड निर्माण, बडी निर्माण, ब्रेड निर्माण, बिस्कुट निर्माण, चनाचूर उत्पादन, चिप्स निर्माण कुकुरे निर्माण, जैम जैली निर्माण, जूस (फ्रूट जूस पैक्ड), साबुदान निर्माण, पेठा निर्माण, नमकीन / मिक्चर अन्य, सेवई निर्माण, आइसकैंडी निर्माण, सत्तू निर्माण, दाल निर्माण पेडा निर्माण, पनीर निर्माण, गजक, चिकी, हल्दी, मसाला, मिर्च पाउडर, गरम मसाला, पोहा, शहद, उपमा, चना भुजा, चिवड़ा, ड्राई फ्रूट कैचअप, सोस पास्ता, मेक्रोनी मूढी धान, आइसक्रीम आदि प्रसंस्करण के यूनिट लगाए जा सकते हैं। आमजन कृषि मंडी सचिव राजसमंद या राज्य स्तरीय हेल्पलाइन 9829026990 से सीधा संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

# कलाकार को सदैव कार्य करते रहना चाहिए




● पदमावत मीडिया

**प्रोफेसर सुरेश शर्मा**

**उदयपुर।** कश्ती फाउंडेशन की पहल स्टूडियो चित्र ने कला गुरु एवं प्रसिद्ध कलाकार प्रोफेसर सुरेश शर्मा के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रोफेसर सुरेश शर्मा ने इस बातचीत के दौरान अपनी कला यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि एक कलाकार को सदैव कार्य करते रहना चाहिए।

यदि वह काम नहीं कर सके तो वह कलाकार नहीं हो सकता है। प्रोफेसर सुरेश शर्मा को वर्ष 1961, 1963 एवं 1970 में तीन बार राजस्थान ललित कला अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अतिरिक्त कल के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड भी मिला। वे भारत सरकार के सीनियर फेलो व राष्ट्रीय ललित कला अकादमी निर्वाचित फैलो रह चुके हैं। उन्होंने कई युवाओं को कला के क्षेत्र में मार्गदर्शन देने के साथ-साथ कला शिविरों का आयोजन करने एवं भारत और विदेश में कलात्मक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी कलाकृतियों को नई दिल्ली की नेशनल गैलरी ऑफ़ मॉडर्न आर्ट, न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन म्यूजियम एवं जयपुर के स्टेट कंटेंपरेरी आर्ट गैलरी में सहेज कर रखा गया है। स्टूडियो चित्र में आयोजित इस संवाद के दौरान प्रोफेसर शर्मा ने कला के विभिन्न पक्षों एवं बारीकियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्रद्धा मुर्डिया, डॉ चित्रसेन,भगवान लाल सेन, कुमार अशोक, ललित शर्मा,हेमंत द्विवेदी,चेतन औदीच्य, नसीम अहमद,संदीप पालीवाल, बसंत कश्यप, रघुनाथ शर्मा, सुनील लड्ढा, कपिल पालीवाल,रजत मेग्नानी आदि मौजूद थे।

# विजयेश कुमार पंड्या ने संभाला प्रतापगढ़ एडीएम का पदभार



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** विजयेश कुमार पंड्या ने बुधवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, प्रतापगढ़ का पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि कार्मिक विभाग, राजस्थान, जयपुर के आदेशानुसार उनका स्थानांतरण उपखण्ड अधिकारी, झाडोल उदयपुर से अति. जिला कलक्टर एवं अति जिला मजिस्ट्रेट प्रतापगढ़ के पद हुआ था, जिसकी अनुपालना में उन्होंने आज प्रतापगढ़ एडीएम का पदभार संभाला। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से परिचयात्मक भेंट की और जिले के बारे में सामान्य चर्चा की। उन्होंने कहा की वह राज्य सरकार की मंशानुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। पंड्या ने पूर्व मे भी अरनोद उपखण्ड अधिकारी के रूप मे प्रतापगढ़ मे अपनी सेवाएं दी है। इसके अलावा उपखण्ड अधिकारी के पद पर आसपुर, कुशलगढ़, घाटोल, नयागांव, भदेसर मे अपनी सेवा दे चुके है।

# डॉ नरेंद्र भंडारी एवं श्रीमान भीकमचंद कोठरी भ्रमर कों आचार्य भिक्षु प्रज्ञा सम्मान 2024 दिया गया

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** शहर के विज्ञान समिति भवन में आचार्य भिक्षु आलोक संस्थान द्वारा आयोजित आचार्य भिक्षु प्रज्ञा सम्मान 2024 का शुभारम्भ मुनि सम्बोध कुमार मेधांश के नमस्कार महामंत्रोचरण से हुआ। कार्यक्रम को सम्भोदित करते हुए मुनि श्री ने कहा कि समय बीतने पर अतीत विसमृत होने लगता हैं आज का युवा गूगल और ऐआई कि आगोश मे काफ़ी प्रैक्टिकल होता जा रहा हैं किन्तु कृतज्ञ लोग आज भी आचार्य भिक्षु के आदर्श व व्यक्तित्व को अंगीकार कर रहे है उन्होंने आज सम्मान ग्रहण करने वालों को यह दायित्व सौपा कि वे आचर्य भिक्षु कि प्रज्ञा को प्रसारित करने मे अपनी भूमिका निभावे, यही इस कार्यक्रम कि सार्थकता है अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए केनेड़ा मै सर्वोच्च नागरिक सम्मान आर्डर आफ केनेड़ा प्राप्त प्रोफेसर जग मोहन हूमर ने कहा उदयपुर मै उनका महिला शक्तिकरण पर विशेष जोर रहा है अपने वहां विश्वविद्यालय मै प्रयास कर महात्मा गाँधी की आदम कद प्रतिमा स्थापित करा उस पर नियमित माल्यार्पण हो रहा है इस माध्यम से अहिंसा का सन्देश प्रसारित करने मै सफल रहे है व जिसका असर अब उत्तरी अमेरिका मै नज़र आता है सामूहिक प्रयासों से इस वर्ष वहां थैंक्स गिविंग डे पर एक लाख व्यक्तियों को शुद्ध सात्विक (मांसाहार-रहित) भोजन परोसा गया जिसके परिणाम स्वरुप कई टर्की पक्षी का वध बच सका सम्मान प्राप्त करते हुए डॉ नरेन्द्र भंडारी ने कहा कि संस्थान ने मेरे कार्यों का आकलन कर मुझे जो प्रज्ञा सम्मान दिया है इस हेतु मै स्वयं को कृतार्थ महसूस करता हूँ उन्होंने ज्ञान कि वर्तमान शताब्दी मै सभी को अपना अपना योगदान देते रहने का आह्वान किया। वहीं भीखम चंद कोठारी ने कहा क़ि यह मेरा नहीं धर्म संघ के प्रति समर्पण का सम्मान है मै शौभाग्यशाली हूं क़ि तुलसी महाशिला अभिलेख के मुख्य किरदार कों निभा पाया मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया क़ि गरिमामय सम्मान समारोह मै डॉ सुरेंद्र पोखरना व लक्ष्मण सिंह कर्णावट ने सम्मान प्राप्तकर्ताओं का परिचय दिया व मंचासीन व्यक्तियों ने उन्हें तिलक, शॉल, उपराणा, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, साहित्य व सम्मान राशि प्रदान कर अभिमंत्रित किया स्वागत, संस्था परिचय एव प्रतिवेदन दिनेश कोठारी व कुल प्रकुख डॉ के एल कोठारी द्वारा प्रस्तुत किया गया आभार प्रकाश तातेड़ व मंच संचालन श्रीमती मोनिका कोठारी ने किया।

झालावाड़ जिले में थाना कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

# दस हजार रुपये इनामी गिरफ्तार

**फिरौती व मुकदमें वापस लेने के लिए किया था दंपत्ति पर जानलेवा हमला**

**तीन बदमाशों को पूर्व में किया जा चुका है गिरफ्तार, फरार बदमाशों पर है 10-10 हजार रूपये का इनाम**

● पदमावत मीडिया



**जयपुर।** झालावाड़ जिले की थाना कोतवाली पुलिस ने फिरौती व मुकदमे वापस लेने के लिए दंपत्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार 10 हजार रुपये इनामी नमन श्रीवास पुत्र मोहन लाल जाति नाई उम्र 22 साल निवासी खारी बावडी मंगलपुरा झालावाड को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले में 3 बदमाशों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि शहर के संजय कालोनी क्षेत्र में 5 फरवरी की रात फिरौती की रकम व मुकदमा वापस नहीं लेने पर रंजिश पूर्वक बदमाशों ने दम्पत्ति पर चाकुओं व लोहे के सरियों से जानलेवा हमला कर दिया था। मामले में आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी के लिए 10-10 हजार रूपये के इनाम घोषित कर एडिशनल एसपी चिरंजीलाल मीणा व सीओ हर्षराज सिंह के सुपरविजन एवं एसएचओ रामकेश मीणा के नेतृत्व में थाना कोतवाली से विशेष टीमों का गठन किया गया। गठित विशेष टीमों द्वारा वारदात में शामिल बदमाशों की तलाश के लिये संभावित ठिकानों पर लगातार दबिशें दी गयी। इसी दौरान 8 फरवरी को पुलिस टीम ने सफलता अर्जित करते हुए वारदात में शामिल मुख्य आरोपी कबीर संजरी, तोहिद उर्फ नाना व शादाब को गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल अन्य फरार बदमाशों की तलाश पुलिस लगातार कर रही थी। इसी दौरान फरार बदमाश नमन श्रीवास के सड़क दुर्घटना में घायल होने पर एसआरजी अस्पताल झालावाड में इलाज करवाने की सूचना प्राप्त हुई। इस पर मंगलवार को पुलिस ने आरोपी नमन श्रीवास को अस्पताल से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त से घटना स्थल व घटना के बाद निकले स्थानों की तस्दीक करवायी गयी। गिरफ्तार अभियुक्त से घटना में संलिप्त अन्य बदमाशों एवं घटना करने के उद्देश्यों व अन्य पहलुओं पर अनुसधांन किया जा रहा है। इस कार्रवाई में एसएचओ रामकेश मीणा, एसआई कमलेश कुमार, एएसआई अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल भगवान सिंह, अनुराग सिंह, कांस्टेबल राजेश स्वामी, रवि सिंह, चंद्रशेखर व महेंद्र कुमार शामिल थे।

जयपुर ग्रामीण जिले में थाना चंदवाजी पुलिस की कार्रवाई

# 12 लाख की ऑनलाईन ठगी के मामलें में तीन साल से फरार मुख्य आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया




**जयपुर ।** ग्रामीण जिले की थाना चंदवाजी पुलिस ने 12 लाख की ऑनलाइन ठगी के मामले में 3 साल से फरार चल रही मुख्य आरोपी थोकला लक्ष्मी पत्नी थोकला बुंदा कुमार, उम्र 40 वर्ष, निवासी 1-37 चिगुरावाड़ा दक्षिण पुलिस स्टेशन एमआर पल्ली तिरुपति राज्य आंध्र प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में गिरोह के चार सदस्यों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। उप महानिरीक्षक सह पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि साईबर अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश पूनियां के निर्देशन व वृताधिकारी जमवारामगढ प्रदीप सिंह यादव आरपीएस के सुपरविजन तथा एसएचओ चन्दवाजी हीरा लाल सैनी के नेतृत्व में साईबर ठगी की मुख्य आरोपी थोकला लक्ष्मी को तिरूपति आन्ध्रप्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। डीआईजी श्री शर्मा ने बताया कि 2 नवंबर 2021 को निम्स यूनिवर्सिटी चंदवाजी में कार्यरत जयपुर के सी स्कीम निवासी रचित माथुर पुत्र श्री राजीव ने रिपोर्ट दर्ज करवायी थी कि टेलीग्राम पर मंदीश खान नाम के व्यक्ति से उनकी पहचान हुई। जिसने अपने आपको बहुत बड़ी बिजनेस कम्पनी का मैनेजर बताया। मंदीश खान ने बिजनेस के पांच लेवल पूरे करने पर राशि डबल होने का झांसा देकर तीन बैंक खातों में 12 लाख रूपये जमा करवा लिये। इस मामले में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पूर्व में पुलिस टीम द्वारा आन्ध्रप्रदेश में लगातार कैम्प कर विशेष साईबर तकनीकी से अभियुक्तों के ठिकानों की पहचान कर गिरोह के सदस्य ए. अरुण कुमार रेड्डी, अब्दुल गनी निवासी तिरुपति आन्ध्रप्रदेश तथा गोपाल सिंह चुडावत व मोहम्मद जाहिद खान निवासी चितौडगढ़ को गिरफ्तार किया था। अनुसंधान में सामने आया कि तिरूपति की थोकला लक्ष्मी व ए. अरूण रेड्डी के द्वारा टेलीग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर बिजनेस के लेवल बता अलग- अलग बिजनेस लेवल पर रकम जमा करवायी जाती है। पांच लेवल पूरे करने पर राशि डबल होने का झांसा दिया जाता है। परिवादी से अब्दुल गनी नाम के व्यक्ति के बैंक खातें में चार लाख रूपये व दो अन्य खातों में आठ लाख रूपये जमा करवाये गये थे। अभियुक्तों के द्वारा ठगी की राशि से क्रिप्टो करेंसी का व्यापार किया जाता है। मामले में मुख्य आरोपिया थोकला लक्ष्मी घटना के बाद से ही फरार चल रही थी। जिसको आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस कार्रवाई में एसएचओ हीरालाल सैनी, उप निरीक्षक रजनी, कांस्टेबल शंकर लाल व सुभाष चन्द शामिल थे।

## सीएमएचओ उदयपुर का किया अभिनंदन, नर्सेज के विभिन्न मुद्दों को लेकर की चर्चा



● पदमावत मीडिया

**मेनार।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर ग्रामीण की ओर से सीएमएचओ प्रथम डॉ अशोक आदित्य का आर एन ए उदयपुर ग्रामीण के प्रतिनिधी मण्डल द्वारा बुधवार को अभिनंदन कर शिष्टाचार भेंट की । आर एन ए उदयपुर ग्रामीण ज़िला अध्यक्ष कुंदन लाल मेनारिया ने बताया की बुधवार को नव पदस्थापित सीएमएचओ प्रथम उदयपुर से भेंट कर मेवाड़ी पगड़ी एवम उपरना से अभिनन्दन किया। गौरतलब है की प्रशासनिक स्तर पर पूर्व सी एम एच ओ डॉ शंकर बामनिया का प्रतापगढ़ उपनियंत्रक पद पर स्थानांतरण होने के बाद कार्यवाहक के रूप में डॉ रागिनी अग्रवाल प्रभार संभाल रहे थे। डॉ अशोक आदित्य के कार्यभार संभालने के बाद पहली बार नर्सेज एसोसिएशन ने बुधवार को भेंट कर अभिनन्दन किया। एसोसिएशन ने अस्पतालों जहां स्टाफ की कमी है वह में एनसीडी कार्य के लिए अलग स्टाफ की मांग भी की गई। डॉ आदित्य ने हर एक समस्याओं को समाधान करने और नर्सेज के वाजिब मांग मुद्दों में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया । इस दौरान नर्सिंग प्रभारी विमला आमेटा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान , ब्लॉक अध्यक्ष गोगुंदा लोकेश पालीवाल, गजेंद्र पूर्बिया , जिला मीडिया प्रवक्ता संजय मेघवाल , चंदा चौधरी, जिला सचिव महेश लोहार, खेलमंत्री प्रवीण लोहार, ब्लॉक सचिव राहुल चौहान , सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा: सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने बजट को बताया 'विकसित भारत @2047' की नींव

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** लोकसभा में बुधवार को केंद्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा के दौरान उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने इसे एक ÷विजनरी बजट÷ करार देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा उपेक्षित रखे गए क्षेत्रों के पुराने अनुभव व विगत 10 वर्षों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की प्रेरणाओं को साथ लेकर वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में हमारी मौलिक रणनीति बजट में प्रस्तुत की है जो भारत की अपनी सुविचारित रणनीति साबित होगी। डॉ. रावत ने अपने संबोधन में बजट की विभिन्न विशेषताओं को ÷ड्क्ढ्ढयस्ढ्ढञ्÷ संक्षेप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि विकास , के तहत बजट में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और हम सबका प्रयास की नीति पर चलते हुए संपूर्ण भारत के विकास को प्राथमिकता दी गई है। इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के तहत बजट में एमएसएमई और विनिर्माण क्षेत्र को सशक्त करने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। स्टार्टअप्स के लिए इकोसिस्टम को 5 वर्ष तक बढ़ाते हुए स्टार्टअप लाभ प्रदान करने की रणनीति युवा उद्यमियों को ताकत देगी वहीं छोटे उद्योगों को कस्टमाइज क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 10 लाख तक की ऋ्रण सुविधा दी गई है। किसान-कृषि (च) के तहत बजट में किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, उच्च पैदावार बीज मिशन, जैविक खेती को प्रोत्साहन और किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 5 लाख तक बढ़ाने जैसे कदम उठाए गए हैं। सोशल सिक्योरिटी (स्र) के तहत बजट में जनजातीय क्षेत्रों के लिए 'धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के तहत 63 हजार से अधिक गांवों को शामिल किया गया है। साथ ही, अगले 5 वर्षों में 75 हजार मेडिकल यूजी सीटें बढ़ाने और जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर सेंटर खोलने का प्रावधान किया गया है। इनकम टैक्स में राहत व इंफ्रास्ट्रक्चर (ढ्ढ) के तहत बजट में नौकरीपेशा लोगों को 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा, जबकि सीनियर सिटीजन्स को 1 लाख तक की कर छूट मिलेगी। राज्यों को 50 साल के ब्याज मुक्त ऋ्रण के रूप में 1.5 लाख करोड़ रुपये दिए जाएंगे। और तकनीकी अनुसंधान (ञ्) के तहत एआई और परमाणु ऊर्जा में निवेश कर भारत को वैश्विक तकनीकी शक्ति बनाने की रणनीति अपनाई गई है। डॉ. रावत ने कहा कि यह बजट सिर्फ एक ट्रेलर है, और आने वाले समय में सरकार 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के सिद्धांत पर चलते हुए भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाएगी।

### जनजातीय विकास पर है विशेष जोर

डॉ. रावत ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाए जाने और 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित करने हेतु आभार जताया और इसे जनजाति समाज का गौरव बढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का जनजातीय विकास पर विशेष जोर है। उन्होंने कांग्रेस पर आदिवासी क्षेत्रों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार 24 हजार करोड़ रुपये की पीएम जनमन योजना और 80 हजार करोड़ रुपये की 'धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के जरिए आदिवासी समुदाय के समग्र विकास की दिशा में कार्य कर रही है।

### दक्षिण राजस्थान में उभर रही कानून व्यवस्था की चुनौतियों का किया उल्लेख

डॉ. रावत ने राजस्थान के अनुसूचित क्षेत्र में कट्टरपंथी ताकतों द्वारा आदिवासी संस्कृति को खत्म करने और क्षेत्र में अव्यवस्था फैलाने के प्रयासों की आलोचना करते हुए कहा कि आदिवासी क्षेत्र में विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने के मार्ग में कुछ संस्थागत बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासी संस्कृति को खत्म कर धर्मांतरण करने, विकास गतिविधियों को रोकने, क्षेत्र में कानून व्यवस्था खराब करने, स्कूलों में अलगाव का विचार फैलाने एवं युवाओं को पत्थरबाज बनाने के लिए कट्टरपंथी तत्वों के साथ मिलकर हानिकारक इकोसिस्टम सक्रिय है जिसे जड़ मूल से समाप्त करना आवश्यक है। उन्होंने इसे असामाजिक और असंवैधानिक बताते हुए सरकार से इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति 2025-29

## मदिरा दुकानों के बंदोबस्त में अभूतपूर्व सफलता- 85 प्रतिशत का हुआ नवीनीकरण

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत आबकारी आयुक्त श्री शिवप्रसाद नकाते के कुशल निर्देशन में अनुज्ञाधारियों के विश्वास व उत्साह को कायम रखते हुए मदिरा दुकानों का बंदोबस्त पारदर्शिता, सुगमता व सरलीकरण के साथ करते हुए अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की गई है। प्रदेश में वर्षों बाद फरवरी माह के द्वितीय सप्ताह में ही मदिरा दुकानों के नवीनीकरण का 85 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। आबकारी आयुक्त के अनुसार राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत पुरानी मदिरा की दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया के तहत प्रदेश में 7665 मदिरा दुकानों में से 6500 दुकानों के नवीनीकरण के साथ 85 प्रतिशत लक्ष्य बुधवार सांय 7 बजे तक प्राप्त कर लिया गया है। यह आंकड़ा रात्रि 12 बजे तक 90 प्रतिशत तक रहने की संभावना है। इसी क्रम में फरवरी माह के दूसरे सप्ताह में ही दुकानों के बंदोबस्त में अभूतपूर्व सफलता मिली है जो कि बीते कई वर्षों से अधिक है। मदिरा दुकानों के सफलतापूर्वक हुए बंदोबस्त से राजस्व लक्ष्यों की वांछित पूर्ति हो सकेगी साथ ही अनुज्ञाधारियों, निर्माता व आपूर्तिकर्ताओं को भी लाभ होगा। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त श्री प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि आबकारी आयुक्त निर्देशानुसार राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत नवीनीकरण से शेष रही मदिरा दुकानों का बंदोबस्त अथवा सेटलमेन्ट भी फरवरी माह में नियमानुसार कर लिया जाएगा। उन्होंने अनुज्ञाधारियों को नियत समय में मदिरा दुकानों के नवीनीकरण के लिए बधाई देते हुए आबकारी नीति के अनुरूप दुकानों के संचालन की बात कही।

## रागदारी संगीत: रागांग, अभ्यास और चिंतन विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला 13 से

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा रागदारी संगीत: रागांग अभ्यास चिंतन विषय पर 13 से 15 फरवरी तक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि छात्राएं इस कार्यशाला में शामिल होकर शास्त्रीय संगीत की घरानेदार परम्परा की विशेषताओं और महत्व से रूबरू हो सकेगी। आयोजन सचिव लाजवंती बनावत ने कार्यशाला की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए बताया कि कार्यशाला में किराना घराने की गायिका स्वरयोगिनी डॉ. प्रभा अत्रे की शिष्या मुंबई विश्वविद्यालय की प्रोफेसर चेतना पाठक द्वारा विद्यार्थियों को ख्याल गायकी में स्वर साधना और अभ्यास का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## संभाग स्तरीय अमृता हाट के पोस्टर का विमोचन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु जिला मुख्यालय पर 18 फरवरी से शुरू होने वाले संभाग स्तरीय अमृता हाट के पोस्टर का विमोचन बुधवार को संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी व अतिरिक्त संभागीय आयुक्त छोगाराम देवासी ने किया। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक संजय जोशी ने बताया कि 18 से 24 फरवरी तक भण्डारी दर्शक मण्डप, गांधी ग्राउण्ड में आयोजित होने वाले इस मेले में हस्तशिल्प एवं हस्तनिर्मित उत्पादों यथा राजसमंद के मोलेला बर्तन, कोटा डोरिया की साड़िया, जूट से निर्मित बैग्स एवं अन्य सामग्री आदि के विपणन का कार्य किया जाएगा। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने किया झाड़ोल-फसालिया क्षेत्र का दौरा

# जनजाति बहुल सुदूर क्षेत्र में अभावों को काम के अवसरों की अधिकता मान कर करें कार्य: जिला कलेक्टर

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिला कलक्टर नमित मेहता ने कहा कि झाडोल-फलासिया क्षेत्र उदयपुर जिले का सुदूरवर्ती एवं जनजाति बहुल क्षेत्र हैं। यहां कई तरह की चुनौतियां भी हैं, लेकिन अधिकारी उन चुनौतियों और अभावों को काम करने के अवसरों की अधिकता मान कर पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। राज्य सरकार जनजाति क्षेत्र में हर संभव सुविधाओं के विस्तार के लिए कटिबद्ध है। प्रशासन स्तर पर भी समस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। जिला कलक्टर श्री मेहता बुधवार को उदयपुर जिले के सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल झाड़ोल और फलासिया में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिला कलक्टर ने कहा कि अधिकारियों को सबसे पहले स्वयं इस मानसिकता से बाहर निकलना होगा कि यह पिछड़ा क्षेत्र है। सकारात्मक ऊर्जा के साथ काम करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएं, ताकि वे भी मुख्य धारा में आ सकें। जिला कलक्टर ने क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा, पेयजल, बिजली, शिक्षा आदि बुनियादी सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्रत्येक विभागीय अधिकारी से योजनाओं एवं विकास कार्यों, मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं की प्रगति का फीडबैक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारी कपिल कोठारी को हर सप्ताह विभागीय समीक्षा बैठक लेने, फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को समय पर निस्तारित कराने, क्षेत्र के राजकीय विभागों, छात्रावासों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों आदि का समय-समय पर निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पीएम आवास सर्वे, फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान, फसलों की गिरदावरी आदि की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में फलासिया तहसीलदार रमेशचंद्र वढेरा, झाड़ोल नायब तहसीलदार सुरेश सामर, झाड़ोल विकास अधिकारी जितेंद्रसिंह राजावत, सहायक वन संरक्षक घनश्याम कुमावत, पुलिस उपाधीक्षक नेत्रपालसिंह सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। झाड़ोल बैठक में जिला कलक्टर ने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। पीएचईडी के सहायक अभियंता ने अवगत कराया कि कुछ गांवों में मानसी वाकल परियोजना से जलापूर्ति हो रही है। शेष गांव हैंडपंपों पर आधारित हैं। हाल ही जलजीवन मिशन में लगभग सभी गांव कवर किए जा रहे हैं, कार्य प्रगति पर है। इस पर जिला कलक्टर ने 24 घंटे में क्षेत्र के सभी हैंडपंप का सर्वे कराने तथा बंद पड़े हैंडपंप को अगले 72 घंटो में दुरूस्त कराकर रिपोर्ट देने के लिए पाबंद किया।

# मोदरान रेलवे स्टेशन पर अब लग रहे हैं कोच डिस्पले बोर्ड , यात्रियों को नहीं दुढ़ना पडेगा

जगमालसिंह राजपुरोहित मोदरान

● पदमावत मीडिया

**मोदरान ।** जोधपुर मंडल के समदड़ी भीलडी रेल सैक्शन के मोदरान रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाली सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेनों के कोच तक पहुंचने के लिए यात्रियों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। यात्रियों की सुविधा व लंबे समय से यात्रियों की मांग के चलते रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को लेकर मोदरान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर कोच डिस्प्ले लगाया जा रहा।

जालोर रेल सेवा समिति के अध्यक्ष हिराचंद भंडारी ने बताया कि फरवरी या मार्च महीने के अंत तक मोदरान, रानीवाड़ा, धानेरा, मोकलसर व समदड़ी जंक्शन स्टेशन पर कोच डिस्प्ले लगने के बाद यात्रियों को कोच ढूंढने में कोई परेशानी नहीं होगी। ट्रेन आने के पहले ही यात्री अपने कोच के सामने खड़े होकर आसानी से ट्रेन में चढ़ पाएंगे।

### 15 साल से चली आ रही थी मांग

दरअसल स्टेशन में कोच डिस्प्ले लगाने की मांग पिछले 15 साल से यात्रीयों सहित जालोर रेल सेवा समिति, श्री आशापुरी माताजी रेल संघर्ष समिति सहित कई संगठनों के द्वारा की जा रही थी। मारवाड जालोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में प्रवासी गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश सहित अन्य राज्यों में आना जाना करते हैं। इसे देखते हुए यात्री, नागरिकों सहित अन्य पार्टियों व संगठनों के पदाधिकारियों ने मंडल रेल प्रबंधक जोधपुर, महाप्रबंधक जयपुर सहित रेल मंत्री को कई बार पत्र लिखकर व मिलकर समदड़ी -भीलडी रेल मार्ग के मुख्य रेलवे स्टेशनों पर डिस्प्ले कोच लगाने की मांग की थी। इसके अलावा रेलवे सुरक्षा समिति के सदस्यों के महाप्रबंधक महोदय के निरीक्षण के दौरान भी डिस्पले कोच लगाने की मांग की थी।

### मोदरान रेलवे स्टेशन पर यह ट्रेनें ठहरती हैं स्टेशन पर

वर्तमान में मोदरान स्टेशन में अप और डाउन कर करीब 12 ट्रेनें गुजर रही है। इसमें एक्सप्रेस, सुपरफास्ट एवं लोकल ट्रेन शामिल है। लंबी दूरी व लंबी ट्रेन अप-डाउन सुपरफास्ट जैसलमेर - साबरमती सुपरफास्ट , जोधपुर -साबरमती सुपरफास्ट , बाड़मेर- यशवंतपुर एसी एक्सप्रेस , बीकानेर- दादर सुपरफास्ट , भगत की कोठी - दादर सुपरफास्ट, जोधपुर -दादर पश्चिम एक्सप्रेस , भावनगर-हरिद्वार एक्सप्रेस , जोधपुर-भीलडी डेमु पैसेंजर , जोधपुर -पालनपुर डेमु एक्सप्रेस , जोधपुर-गांधीधाम सुपरफास्ट , बाड़मेर-बांद्रा टर्मिनल हमसफर एक्सप्रेस व बाड़मेर -बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस।

### अब ट्रेन में चढ़ने में नहीं होगी परेशानी

मोदरान, रानीवाड़ा धानेरा व मोकलसर रेलवे स्टेशन सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज दो मिनट का है। कम स्टॉपेज होने के कारण यात्री अपने कोच के पास गाड़ी छूटने के पहले पहुंच नहीं पाते हैं, क्योंकि जब गाड़ी आने की जानकारी अनाउंसमेंट के सहारे मिल जाती है, लेकिन कोच की जानकारी नहीं मिल पाती है। यहां तक कि यात्रियों को भी ये भी नहीं मालूम होता कि इंजन के बाद कौन से नंबर की कोच होगी। लेकिन अब कोच डिसप्ले बोर्ड लगने से उन यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में कोई परेशानी नही होगी।






### खुशी जाहिर की

प्रवासी बन्धुओं व विभीन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने समदड़ी भीलडी रेल मार्ग पर सभी मेल एक्सप्रेस ठहराव वाले मुख्य रेलवे स्टेशनों पर कोच डिस्पले बोर्ड लगने पर खुशी जाहिर करते हुए सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता के साथ कई बार समाचार पत्रों में खबरें भी प्रकाशित करवाया गया था तब जाकर अब कार्य शुरू है।

# जिला कलेक्टर का झाड़ोल-फसालिया दौरा

## एसडीएम-तहसील कार्यालय, छात्रावास, मनरेगा कार्य स्थल का औचक निरीक्षण

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** जिला कलक्टर नमित मेहता बुधवार को जिले के आदिवासी बहुल झाड़ोल और फलासिया क्षेत्र के मैराथन दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने राजकीय कार्यालयों, छात्रावास, मनरेगा कार्यो आदि का औचक निरीक्षण किया। जिला कलक्टर श्री मेहता बुधवार सुबह सर्किट हाउस से रवाना होकर करीब 11 बजे झाडोल स्थित उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे।

वहां उन्होंने उपखंड अधिकारी कपिल कोठारी से क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। साथ ही प्रत्येक सेक्शन में जाकर कार्मिकों से संवाद किया। पंचायत पुनर्गठन कार्य में नियोजित कार्मिकों से पूरे प्रक्रिया के बारे में पूछताछ की। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की सफाई व्यवस्था तथा फाइलिंग को देखकर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कार्मिकों को सबकुछ सुव्यवस्थित कर फोटोग्राफ्स भिजवाने के लिए पाबंद किया। बाद में उन्होंने उपखंड अधिकारी व विकास अधिकारी को भी क्षेत्र में संचालित कार्यालयों का अवलोकन कर सफाई आदि सुनिश्चित कराने के लिए पाबंद किया।

### मेट को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश

जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत मगवास में नदी के किनारे निर्मित कचरा संग्रहण केंद्र का भी अवलोकन किया। इस दौरान केंद्र के बाहर मनरेगा के तहत समलतीकरण कार्य चल रहा था। जिला कलक्टर ने कार्यस्थल का निरीक्षण किया। मेट नानालाल से कार्यस्थल पर नियोजित श्रमिकों, उनकी टॉस्क, मैजरमेंट आदि के बारे में पूछताछ की, तो वह संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। इस पर कलक्टर ने मेट को तत्काल प्रभाव से ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश विकास अधिकारी को दिए।

### खेल मैदान विकास के लिए बनाएं प्रस्ताव

जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत मगवास में स्थित स्कूल के खेल मैदान का भी अवलोकन किया। उन्होंने पाली जिले में खेलो पाली मुहिम के तहत तैयार कराए गए खेल स्टेडियमों का उदाहरण देते हुए खेल मैदान विकास के प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत मुख्यालय के सबसे बड़े स्कूल के खेल मैदान को विकसित किया जा सकता है।

### जनजाति छात्रावास का निरीक्षण

जिला कलक्टर ने फलासिया में संचालित जनजाति आश्रम छात्रावास का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अवगत कराया कि छात्रावास भवन नया बनाने के लिए पुराने भवन को डिस्मेंटल किया जा रहा है, इसलिए छात्रावास फिलहाल सीएचसी के धर्मशाला भवन में संचालित हो रहा है। कलक्टर ने भवन का अवलोकन किया। इसमें भवन छात्र नामांकन के अनुपात में छोटा पाया गया। उन्होंने टीएडी उपायुक्त रागिनी डामोर से दूरभाष पर बात कर छात्रावास के लिए अन्यत्र उपयुक्त भवन तलाश कर बच्चों को वहां शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने छात्रावास के रसोई घर में पहुंच कर खाद्य सामग्री भी देखी।

## बिजनेस सर्कल इंडिया की नई विंग 'बीसीआई एजुकेशन' गठित, राहुल बड़ाला अध्यक्ष और राजीव सुराणा सचिव बने





● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** बिजनेस नेटवर्किंग और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले संगठन बिजनेस सर्कल इंडिया ने शिक्षा क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए 'बीसीआई एजुकेशन' विंग की घोषणा की है। अशोका पैलेस मेंआयोजित बैठक में संगठन के संस्थापक मुकेश माधवानी ने इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बड़ाला क्लासेस के सीए राहुल बड़ाला को अध्यक्ष और अनुष्का एकेडमी के राजीव सुराणा को सचिव नियुक्त किया गया है। जल्द ही दोनों पदाधिकारी अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे। मुकेश माधवानी ने बताया कि बिजनेस सर्कल इंडिया विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार कर रहा है और शिक्षा क्षेत्र को एक सशक्त मंच देने के उद्देश्य से यह नई इकाई बनाई गई है। बीसीआई एजुकेशन में वे सदस्य शामिल होंगे जो कॉलेज, विश्वविद्यालय, अकादमी, संस्थान या कोचिंग सेंटर का संचालन कर रहे हैं। इस मंच के माध्यम से छात्रों और अभिभावकों को एक ही स्थान पर शिक्षा, करियर मार्गदर्शन और प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी समस्त जानकारी मिलेगी, जिससे वे अपने करियर को सही दिशा में आगे बढ़ा सकें। मुकेश माधवानी ने विश्वास जताया कि सीए राहुल बड़ाला और राजीव सुराणा के नेतृत्व में यह संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा। शिक्षा के क्षेत्र में उनके व्यापक अनुभव से न केवल संगठन बल्कि शहर के युवाओं को भी लाभ मिलेगा।

### शिक्षण संस्थानों पर एक मंच पर लाकर काम करेंगे: सीए राहुल बड़ाला

शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है, जो समाज की नींव को मजबूत करता है, और मेरा हमेशा से यही प्रयास रहा है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही मार्गदर्शन मिले। इस संगठन के माध्यम से हम छात्रों, अभिभावकों और शिक्षण संस्थानों को एक मंच पर लाने का कार्य करेंगे, जिससे वे अपने करियर से जुड़े सही निर्णय ले सकें। मेरी कोशिश होगी कि बीसीआई एजुकेशन को शिक्षा क्षेत्र में एक प्रभावी और भरोसेमंद प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित किया जाए।

### छात्रों को उद्यमिता और करियर से जुड़ी दिशा देंगे: राजीव सुराणा

शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण और उनके करियर को सही दिशा देने का माध्यम भी होती है। मेरा उद्देश्य रहेगा कि इस संगठन के माध्यम से हम छात्रों को न केवल शिक्षा बल्कि उद्योग और करियर से जुड़े वास्तविक अवसरों तक भी पहुंचाएं। हम कोचिंग संस्थानों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को एक साथ जोड़कर शिक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।साथ ही आज का बच्चा शिक्षा से दूर होकर सोशल मीडिया पर बहुत समय दे रहा है और डिप्रेशन मैं भी जा रहा है उसे किस तरह डिजिटल उपवास के द्वारा पुनः हमारे देश के मुख्य धारा मैं जोड़ने का प्रयास हमारा मुख्य उद्देश्य रहेगा।

## क्योंझर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रतिनिधि मंडल की एक्सपोजर विजिट

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का उद्घाटन करते हुए क्योंझर सेन्ट्रल को- ऑपरेटिव बैंक लि. उडीसा के निर्वाचित अध्यक्ष कानन बिहारी पाही, उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मिरेखा चक्र ने अन्य निदेशक एवं बैंक प्रतिनिधियों के साथ प्रतापनगर स्थित उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. उदयपुर में आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता सहकारिता विभाग उदयपुर के क्षेत्रीय अंकेक्षण अधिकारी आशुतोष भट्ट ने की। बैंक प्रबन्ध निदेशक अनिमेष पुरोहित ने प्रतिनिधिमंडल से सहकारी अल्पकालीन ऋण योजना, सरकार व नाबार्ड की विभिन्न योजनाएं, मिनी बैंक व्यवस्था, ऑडिट, निरीक्षण एवं बैंक की वित्तीय स्थिति पर सार्थक चर्चा की। क्योंझर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. उड़ीसा के अध्यक्ष पाही ने बताया कि उड़ीसा में संचालक मण्डल बैंक के हित में पूरी तन्मयता के साथ बैंक के प्रत्येक कार्य में रूचि लेते है। बैंक में कर्मचारियों की संख्या आवश्यकता अनुरूप है तथा ऑडिट की अनिवार्यता को ऋण वितरण से सीधे जोड कर रखा है अर्थात ऑडिट की अनुपस्थिति में समिति में ऋण वितरण कार्य नहीं करने दिया जाता है। प्रतिनिधि मण्डल ने राजस्थान राज्य की ऑनलाइन ऋण वितरण प्रणाली की प्रशंसा करते हुए उसे उड़ीसा राज्य में लागू करने की भी आवश्यकता बताई। प्रतिनिधि मण्डल ने बैंक परिसर का अवलोकन करते हुए बैंक की आधारभूत संरचना की तारीफ की। सहकारिता के मूल मंत्र 'सबका साथ सबका विकास' की भावना से ओतप्रोत होकर मेहमान एवं मेजबान बैंक ने परस्पर एक दूसरे के नवाचारां को अपने-अपने बैंक में लागू करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग उदयपुर के उप रजिस्ट्रार लोकेश जोशी, विशेष लेखा परीक्षक कौटिल्य भट्ट, विभागीय निरीक्षक एवं बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डॉ. मनीषा वाजपेयी इंडियन सोसाइटी फॉर असिस्टेड रिप्रोडक्शन की प्रबंध समिति सदस्य चयनित

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के आईवीएफ विभाग की साइंटिफिक डायरेक्टर डॉ.मनीषा वाजपेयी को भारत की प्रतिष्ठित इंडियन सोसाइटी फॉर असिस्टेड रिप्रोडक्शन (आईएसएआर) की प्रबंध समिति (मैनेजिंग कमेटी) के सदस्य के रूप में चुना गया है। गौरतलब है कि डॉ. मनीषा राजस्थान से एकमात्र निर्वाचित सदस्य हैं। भारत में इनफर्टिलिटी (बांझपन) विशेषज्ञों की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी सोसाइटी में से एक आईएसएआर से देशभर के लगभग 6,500 सदस्य जुड़े हुए हैं। इस महत्वपूर्ण घोषणा को वार्षिक आईएसएआर सम्मेलन में किया गया, जिसमें डॉ. वाजपेयी को क्लिनिशियन और एम्ब्रायोलॉजिस्ट वर्ग में सर्वाधिक मत प्राप्त हुए। डॉ.वाजपेयी ने बताया कि प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में कार्य करना उनके लिए एक अनोखा और अत्यंत संतोषजनक अनुभव होगा। समिति की बैठक में देश के ख्याति प्राप्त प्रजनन विशेषज्ञों जैसे कि डॉ.अमित पटकी,डॉ.नंदिता पालशेतकर,डॉ. रेशमा ढिल्लों पई,डॉ.हृषिकेश पई,डॉ.माधुरी पाटिल और अन्य वरिष्ठ विशेषज्ञ उपस्थित रहें। कॉन्फ्रेस में डॉ.मनीषा वाजपेयी ने कई महत्वपूर्ण सत्रों में भी भाग लिया। उन्होंने ' स्पर्म चयन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) की भूमिका पर एक पैनल का संचालन किया। साथ ही उन्होंने 'भ्रूण संवर्धन (एम्ब्रियो कल्चर) में तापमान नियंत्रण ' विषय पर व्याख्यान दिया और ' गैमेट हैंडलिंग और आईवीएफ (आईवीएफ) प्रक्रियाओं में आनुवंशिकी(जेनेटिक) के सर्वश्रेष्ठ तरीकों' पर दो चर्चाओं में भी योगदान दिया। डॉ. मनीषा वाजपेयी की इस उपलब्धि के लिए चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल,प्रीति अग्रवाल, पीएमयू के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉ.मनीषा ने इस उपलब्धि से न केवल अपने संस्थान बल्कि पूरे इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ समुदाय में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। उनकी यह उपलब्धि चिकित्सा क्षेत्र में एक प्रेरणादायक कदम है और इससे प्रजनन विज्ञान की उन्नति को और अधिक बढ़ावा मिलेगा

**राजसमंद का दूध रहेगा राजसमंद में, गुंजोल में डेयरी प्लांट का कार्य शीघ्र होगा पूर्ण, यहीं हो सकेगी पैकेजिंग एवं प्रोसेसिंग**

## गुंजोल में निर्माणाधीन डेयरी प्लांट का कार्य शीघ्र से शीघ्र पूर्ण करें: कलेक्टर



● पदमावत मीडिया

**राजसमंद।** जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने निर्देश दिए हैं कि नाथद्वारा उपखंड क्षेत्र के गुंजोल में एनडीडीपी द्वारा निर्माणाधीन डेयरी प्लांट का कार्य शीघ्र से शीघ्र पूर्ण हो एवं अप्रैल माह तक इसे हर हाल में क्रियाशील कर दिया जाए ताकि क्षेत्र के लोगों को समुचित ढंग से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने बुधवार दोपहर में एनडीडीपी और आरसीडीएस के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर प्लांट निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। इसके पश्चात जिला कलक्टर ने गुँजोल पहुँच कर प्लांट का निरीक्षण किया। एनडीडीपी और आरसीडीएस के अधिकारियों ने अब तक पूर्ण हो चुके कार्यों के बारे में बताया। अधिकारियों ने बताया कि डेयरी प्लांट की कैपेसिटी 50 हजार लीटर प्रतिदिन की होगी। प्रथम चरण में दूध, छाछ और घी एवं द्वितीय चरण में दही श्रीखंड पनीर की प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग का कार्य होगा। डेयरी प्लांट का काम पूर्ण होने के पश्चात राजसमंद से प्रोसेसिंग एवं पैकिंग हेतु भीलवाड़ा जाने वाला दूध राजसमंद में ही रहेगा जिससे सीधा फायदा क्षेत्र के पशुपालकों मिलेगा। कलेक्टर ने अब तक पूर्ण हो चुके और पेंडिंग कार्यों की समीक्षा कर समस्त कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों और निवासियों को लाभान्वित किया जा सके।

## एक्यूप्रेशर एक स्व-उपचार पद्धति हैः डॉ बोहरा

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** श्री जैनाचार्य देवेन्द्र महिला संस्थान एवं उपभोक्ता सुरक्षा संगठन, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान द्वारा आयोजित एक्यूप्रेशर के मूल तत्व एवं लाभ विषय पर शिविर का आयोजन किया गया मुख्य वक्ता डॉ अल्पना बोहरा जिला अध्यक्ष (उदयपुर) उपभोक्ता सुरक्षा संगठन, नई दिल्ली एवं वोल्टा इंडिया लिमिटेड की पूर्व उपाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया की एक्यूप्रेशर एक अहिंसक चिकित्सा पद्धति है, जो भारत की 5000 वर्ष पुरानी विरासत है।यह हमारी संस्कृति में नमस्ते करने और हाथ मिलाने जैसी परम्पराएं से जुड़ी हैं। यह एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जिसे कहीं भी, कभी भी अपनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हमारे हाथ, कान, तलवे में एक ही एक्यूप्रेशर बिन्दु होते हैं, जो हमारे पूरे शरीर का प्रतिनिधित्व करते हैं। यदि बिन्दुओं को समझ लिया जाए, तो शरीर की बीमारियों और उनके कारणों को भी समझा जा सकता है एवं निवारण संभव है। डॉ बोहरा ने कहा की ताली बजाने से शरीर के सभी बिंदु सक्रिय हो जाते हैं और इससे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। सिरदर्द, घुटनों के दर्द, बीपी, मधुमेह, फ्रोजन शोल्डर आदि अनेक बीमारियों पर एक्यूप्रेशर पद्धति के बारे मैं विस्तृत जानकारी दी और कहा की इस पद्ति के कोई दुष्प्रभाव नहीं है। संस्थान की अध्यक्ष सादिया नाहर, संयुक्त सचिव इंद्रा चोरडिया,कोषाध्यक्ष वनिता पामेचा , सलाहकार रेखा चौरडिया एवं अशोक काडेजा ने डॉ बोहरा का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया । जानकारी देते हुए डॉ. राजश्री गांधी राष्टीय अध्यक्ष उपभोक्ता सुरक्षा संगठन ने बताया कि उपभोक्ता जागरूकता के तहत विभिन्न महिला संस्थानों में एक्यूप्रेशर जागरूकता व्याख्यान एवं चिकित्सा शिविरों का लगातार निःशुल्क आयोजन किया जा रहा है। डॉ. गांधी ने यह भी कहा कि आगामी महीनों में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं महिला संस्थानों में इस प्रकार के जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## गोपाल मेहता हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के संभाग आयुक्त पद पर पदोन्नत

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर जिले के मावली ब्लॉक में राउप्रावि गंदोली के शारीरिक शिक्षक गोपाल मेहता मेनारिया को हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के संभाग आयुक्त, उदयपुर के पद पर पदोन्नत किया गया है। राजस्थान सरकार के शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवम हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य के राज्य मुख्य आयुक्त कृष्ण कुणाल एवं राज्य सचिव नरेंद्र औदीच्य के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त 'वारंट ऑफ ओनर' (नियुक्ति का सम्मान पत्र) प्रदान कर पदोन्नति प्रदान की गई। उदयपुर संभाग के डिविजनल कमिश्नर ऑफ उदयपुर डिविजन' के पद पर पदोन्नति से पूर्व मेहता संभाग मुख्यालय आयुक्त (जनसंपर्क) के पद पर कार्यरत थे । मंगलवार को हिंदुस्तान स्काउट के मदार स्थित ट्रेनिंग सेंटर पर चल रहे स्काउट गाइड के एसटीसी महाविद्यालय के प्रशिक्षु अध्यापक-अध्यापिकाओं के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में राज्य सचिव नरेंद्र औदीच्य, राज्य संगठन आयुक्त रिपुदमन गिल, सहायक राज्य संगठन आयुक्त प्रदीप मेघवाल, जिला ऑर्गेनाइजेजर शांता वैष्णव व जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राणावत ने ससम्मान वारंट ऑफ ओनर प्रदान किया। राज्य सचिव नरेंद्र ओदिच्य ने बताया कि मेहता की कार्य क्षमता, कार्य कुशलता,संगठन के प्रति निष्ठा, लगन एवं समर्पण को ध्यान में रखते हुए इन्हें जिला व राज्य कार्यकारिणी की अनुशंसा पर एक वर्ष में तीन पदोन्नतियां दी गई है। राज्य संगठन आयुक्त आर डी गिल ने बताया कि गत वर्ष फरवरी में जिला मुख्यालय आयुक्त जनसंपर्क, मई में संभाग मुख्यालय आयुक्त (जनसंपर्क) और 11 फरवरी को संभाग आयुक्त ( डिविजनल कमिश्नर) के पद पर नियुक्ति दी गई । इस पद पर मेहता की नियुक्ति 11 फरवरी से 31 दिसंबर 2026 तक के लिए की गई है। सहायक राज्य संगठन आयुक्त प्रदीप मेघवाल ने बताया कि मेहता गत दिनों उदयपुर जिले से राष्ट्रीय राष्ट कथा शिविर में उदयपुर जिला दल के साथ जिला प्रभारी के रूप में राजकोट गुजरात गए थे ।

# बेणेश्वर मुख्य मेला में मची गैर की धूम, कमलेश बरोट बने 'वागड़ श्री' रानू रोत बनी 'वागड़ नी रुपारी

● पदमावत मीडिया



**डूंगरपुर।** सोम-जाखम-माही के त्रिवेणी संगम पर पूर्णिमा तिथि को बेणेश्वर मुख्य मेला में लोक नृत्य गैर की धूम रही वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं 'वागड़ श्री', 'वागड़ नी रुपारी', साफा बांधना एवं गैर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राजस्थान सरकार जिला प्रशासन डूंगरपुर, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, जिला खेल विभाग एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवस विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत मुख्य मेला पूर्णिमा तिथि पर बुधवार को आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों में स्थानीय लोक परंपराओं का प्रतिनिधित्व करते हुए लोगों ने उत्साह से भाग लिया। जिला खेल अधिकारी नरेश डामोर ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व सांसद कनकमल कटारा, आसपुर विधायक उमेश डामोर, विधायक धरियावद थावरचंद, साबला प्रधान ललिता देवी, दोवड़ा प्रधान सागर अहारी, देबरिया सरपंच दौलपुरा, समाजसेवी बद्रीलाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद हनुमान सिंह राठौड़, उपखण्ड अधिकारी सोनू लाल गुर्जर, तहसीलदार साबला वालसिंह राणा, नेहरू युवा केंद्र जिला समन्वयक प्रदीप कुमार मीणा, महिला अधिकारिता सहायक निदेशक मोतीलाल मीणा सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य, अधिकारी मंचासीन रहें। अतिथियों ने ढ़ोल एवं लोक वाद्य यंत्र बजाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विजेता रहे प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरूस्कृत कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का परंपरागत तरीके से स्वागत अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम का संचालन कन्हैयालाल व्यास एवं नानूराम डेंडोर ने किया।

**इन्होंने दिया सहयोगः** उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं तथानी आयोजनों में शारीरिक शिक्षक संगीता देवी, अरविन्द डामोर , महेश जोशी सोमेश्वर भगोरा, जीवराम डामोर, रमेशचंद्र रोत, बंसीलाल डामोर, मरताराम ननोमा, देवीलाल डामोर, गजेंद्र साद, राजेंद्र तावड, नरेंद्र टेलर, रतनलाल तराल, लोकेश परमार, बसन्ती मीणा, जगनाथ परमार ने तीन दिवस में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

**यह रहें परिणामः** जिला खेल अधिकारी नरेश डामोर ने बताया कि गैर नृत्य प्रतियोगिता में पहला स्थान ओडवाल, दूसरा स्थान बस्सी अहाड़ा तथा तीसरा स्थान बारी सिया तलाई के दल ने अर्जित किया। इसी प्रकार साफा बांधो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्थान लक्ष्मण लाल , द्वितीय स्थान दिनेश गहलोत ने अर्जित किया। कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र प्रतियोगिता में पारंपरिक परिधान और आभूषणों से सजे कमलेश बरोट आसपुर श्वागड़ श्रीश् विजेता जबकि दूसरा स्थान खेमराज डेंडोर बांसवाड़ा रहें तथा गामडी अहाडा की रानू रोत श्वागड़ नी रुपारीश् बनी तथा दूसरा स्थान नियल बरगोट पाल निठाउवा ने प्राप्त किया । सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।